खबर संक्षेप

## प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन में शैलेश शर्मा सम्मानित



**चांपा।** छग जर्नलिस्ट यूनियन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन तथा सम्मान समारोह विगत रविवार 29 मार्च को सेक्टर-4 भिलाई स्थित एस.एन.जी. ऑडिटोरियम में प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर राज्यपाल ने वर्तमान चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज पत्रकारिता एक कठिन दौर से गुजर रही है। सोशल मीडिया के विस्फोट ने सूचना के प्रवाह को लोकतांत्रिक तो बनाया है, लेकिन साथ ही विश्वास का गंभीर संकट भी खड़ा कर दिया है। फेसबुक, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर हर व्यक्ति पत्रकार रह चुका है और सत्यापन से पहले ही समाचार वायरल हो जा रहे है। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'फेक न्यूज' और 'डीपफेक' ने सच और झूठ के बीच की रेखा को धुंधली कर दिया है। इन सबके बीच आज भी प्रिंट मीडिया ने अपनी विश्वासनीयता को कायम रखा है, जो अच्छी बात है। समारोह के दौरान चांपा नगर के वरिष्ठ पत्रकार तथा दो विदेश यात्राएं संपन्न कर चुके शैलेश शर्मा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पत्रकार गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शर्मा को मिले इस सम्मान से नगर सहित अंचल में हर्ष का माहौल है। प्रेस क्लब चांपा के साथी पत्रकारों ने उन्हें मिले सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ मैथमेटिक्स विषय में शिवोम ने प्राप्त किया 96.5 स्कोर

**जांजगीर-चांपा।** सिल्वरज़ोन ओलंपियाड ओपन प्रतियोगिता में वर्ष 2025-26 हेतु आयोजित



प्रतियोगिता में नैला, जांजगीर नगर के निवासी दंपत्ति सोनू अग्रवाल अभियोजन अधिकारी-पूजा अग्रवाल अभियोजन अधिकारी जांजगीर के पुत्र शिवोम अग्रवाल ने जांजगीर स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दूसरी में अध्ययन दौरान इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ मैथमेटिक्स विषय में भाग लेकर 100 में 96.5 स्कोर अर्जित करते हुए स्टेट/जोनल में 28 रैंक प्राप्त किया । सिल्वरज़ोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा सिल्वरज़ोन ओलंपियाड ओपन प्रतियोगिता कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, गणित, वाणिज्य, सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज ओलंपियाड (आईटीएचओ) सहित विषयों में शामिल पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर आत्मविश्वासपूर्ण और भविष्य के लिए तैयार मानसिकता के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। विदित हो कि मास्टर शिवोम अग्रवाल को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु स्कूल की ओर से भी मैथ्स जीनियस अवार्ड प्रदाय किया गया।

## पकरिया में हनुमान प्रतिमा की हुई स्थापना, विधि-विधान से पूजा-अर्चना



**अकलतरा।** क्षेत्र के ग्राम पकरिया में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूर्व सरपंच ओमप्रकाश सिंह खरसन द्वारा हनुमान जी की भव्य प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के साथ संपन्न की गई। इस अवसर पर पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजन-अर्चन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ खनिज विकास निगम आयोग के अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आनंद प्रकाश मिरी, अकलतरा जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव अघरिया, जनपद सभापति ईश्वर साहू, जनपद सदस्य मन्नू पटेल बीर सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मनोज सिंह, बिरेन्द्र सिंह, छोटे सिंह, छोटी सिंह लव सिंह, ओमप्रकाश साहू, बैलास मानिकपुरी रामरतन केंवट अर्जुन यादव सहित ग्राम के अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। सभी श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

निधन

## शांत कुमार प्रधान



**बहेराडीह।** समीपस्थ ग्राम सुखरीकला के प्रतिष्ठित नागरिक शांत कुमार प्रधान का सोमवार 30 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे डॉ लतेल प्रधान के सुपुत्र हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम संस्कार में अंचल के स्वजातीय प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पहरिया मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में शामिल भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता

# भाजपा का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का मुख्य उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, अनुशासित और कुशल बनाना है ताकि वे संगठन को मजबूत करते हुए समाज मे पार्टी की नीतियों और विचार धारा का प्रभावी रूप से प्रसार कर सकें।

उक्त बातें प्रशिक्षण अभियान में भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान विषय के वक्ता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने पहरिया मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग मे कही। उन्होने आगे कहा कि भाजपा का वैचारिक अधिष्ठान या आधार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानव दर्शन है जिसके अनुसार मनुष्य के शरीर-मन-बुद्धि-आत्मा का सही संतुलन ही सही और विकास का मार्ग है। उन्होने कहा कि पंडित उपाध्याय एक महान विचारक, समाजसेवी और राजनेता थे, उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति और समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया। अपने प्रशिक्षण विषय पर प्रकाश डालते हुए इंजी. पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद-सांस्कृतिक, भाजपा का विचार-एकात्म मानवाद, भाजपा की राजनीति-मूल्य आधारित, भाजपा का मार्ग-अंत्योदय और भाजपा का लक्ष्य-भारत माता के उद्घोष के साथ विकसित भारत का निर्माण है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की हर नीति, हर चुनावी घोषणा पत्र, हर सरकार की प्राथमिकता पंचनिष्ठा राष्ट्र प्रथम, लोकतंत्र, समता, सर्वधर्म समभाव और मूल्य पर आधारित है। ग्राम पहरिया मे आयोजित प्रशिक्षण शिविर मे मण्डल अध्यक्ष ओम श्रीवास ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश वैष्णव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी संदीप साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष लेघन कुंवर , पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पाटले एवं मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रवि पांडेय।

## रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

**देवरी-सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की स्मृति में आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार 5 अप्रैल को शाम 7:30 बजे तहसील कार्यालय के बगल खेल मैदान में होगा। समारोह के मुख्य अभ्यागत डॉ चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छ. ग. विधानसभा होंगे। अध्यक्षता ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा लोकसभा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में व्यास कश्यप विधायक जांजगीर चाम्पा, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, श्रीमती शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़, ठाकुर गुलज़ार सिंह जिला प्रतिनिधि नेता प्रतिपक्ष, राजेश अग्रवाल कांग्रेस जिलाध्यक्ष, धीरेन्द्र बाजपेई समाजसेवी (डी. बी. वेंचर्स), पंकज शुक्ला जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, पवन कुमार राठौर प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय राठौर समाज, सुनील राठौर प्रदेश सचिव अ.पि. वर्ग कांग्रेस, डॉ. अतुल राठौर स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, छबिलाल सूर्यवंशी अध्यक्ष न. प. सारागांव, दिलेश्वर राठौर उपाध्यक्ष न. प. सारागांव, श्रीमती नीतू ऋषि रॉय अध्यक्ष जनपद सक्ती, श्रीमती रश्मि गबेल जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सक्ती, केदार सिंह राठौर समाजसेवी अफरीद, लोकेश राठौर जिलाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग कांग्रेस उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अतिथियों द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

## पहले धान को अवैध मानकर किया जब्त जांच में बताया वैध, लेकिन खरीदी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

धान खरीदी के दौरान की गई कार्रवाई को लेकर अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने सरकार को विधानसभा के सत्र में घेरा। उन्होंने अपने क्षेत्र में हुई कार्रवाई का उदाहरण देते हुए अवैध धान की परिभाषा भी पूछी।



- विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने विधानसभा में पूछा अवैध धान की परिभाषा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने 20 मार्च तक चले छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में धान खरीदी से जुड़े कई सवाल पूछे। उन्होंने पूछा की अवैध धान की परिभाषा क्या है, क्या धान को पुराने पी. डी. एस. एवं विपणन संघ के बारदाने में रखने मात्र से धान अवैध हो जाता है? जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पुराने पी. डी. एस. एवं विपणन संघ के बारदानो मैं रखें अवैध बताकर कितने प्रकरण, किन-किन अधिकारीयों द्वारा बनाए गए, कितनी-कितनी मात्रा में धान की जब्ती की गई, प्रकरण की अद्यतन स्थिति के बारे में पूछा। जिसके लिखित जवाब में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल बताया की छ. ग. उपज मंडी अधिनियम के प्रावधानो के विपरीत बिना वैध पंजीयन के यदि किन्ही व्यक्तियों या कोचिंया-बिचौलिया द्वारा धान क्रय-विक्रय किया जाता है, तो वह अवैध श्रेणी में आता है। पुराने पी. डी. एस. बोरे रखें धान को अवैध बताकर अधिकारीयों ने 3 प्रकरण बनाए थे। जिसमें बलौदा के तत्कालीन नायब तहसीलदार भागीरथी कश्यप द्वारा धान उपार्जन केंद्र खैजा(बलौदा)मे किसान शांतिलाल लहरे का पुराने पी. डी. एस बोरे में लाये 196 कट्टी एवं खैजा के ही किसान गोकरण साहू का 200 कट्टी धान धान जब्त किया था। इसी प्रकार किसान बसंत कुमार अग्रवाल का 790 कट्टा धान जब्त कर प्रकरण बनाया था। हालांकि उक्त जब्त धान को जांच के बाद मैं वैध बताते हुए मुक्त कर सम्बंधित को सुपुर्द कर दिया गया लेकिन उक्त किसान अपने धान को खरीदी केंद्रों में बेचने से वंचित रह गए एवं उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। विधायक राघवेन्द्र सिंह का कहना है कि बड़ा सवाल यह उठता है की इस साल धान खरीदी में प्रशासनिक अधिकारीयों ने नियम विरुद्ध धान को जब्त कैसे किया, क्या उन्हें नियम-कायदों की जानकारी नहीं थी या फिर सिर्फ किसानों को परेशान करने के उद्देश्य से ये सब किया गया। जिन किसानों के धान को नियम विरुद्ध जब्त किया गया था क्या उन्हें बाद में समर्थन मूल्य पर क्यों नहीं ख़रीदा गया। उन्होंने कहा कि अवैध बताकर पूरे जिले में 5 हजार क्विंटल धान जप्त किया गया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य पंडित हेमंत द्विवेदी के आचार्यत्व में संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि मां सरस्वती की प्रतिमा स्वर्गीय जगत राम यादव 'गुरुजी' की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी रामाधीन यादव के द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान की गई। विद्यालय परिसर में निर्मित मंदिर का निर्माण कार्य सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा के पूर्व छात्रों के सहयोग से पूर्ण कराया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत पूजन, हवन तथा भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था यादव परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर



विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लव कुमार सिंह चंदेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश केडिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव श्री गोपेश तुलस्यान, सह सचिव श्री अयन जैन, दशरथ नामदेव, दीनदयाल यादव सहित समस्त सदस्य, विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं यादव परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 102वीं जयंती पर शिद्दत से याद किए गए स्व. बीडी महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

अंचल के मूर्धन्य जननेता एवं अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत को बुधवार 1 अप्रैल को उनकी 102वीं जयंती पर अंचलवासियों ने शिद्दत से याद कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

स्थानीय स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति समिति द्वारा अपरान्ह 3 बजे से बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. महंत के ज्येष्ठ पुत्र तथा छग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उनके कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत, पौत्र सूरज महंत एवं सृजन महंत ने स्व. महंत की प्रतिमा पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह द्वारा बारी-बारी से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर डॉ. महंत द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ. व्ही.के. अग्रवाल ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कांग्रेस नेता गुलजार सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस के महामंत्री नागेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साधवानी, अमरजीत सिंह सलूजा, धीरेन्द्र बाजपेयी, श्रीमती शांति सोनी, डॉ. के.पी. राठौर, अनिल मोदी, दुर्गा कुर्रे, कृष्णाराव भूरे, अनिल वनकर, संगीता अग्रवाल, मो. अली, डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, रामबाई स्वर्णकार, राजू शर्मा, बजरंग अग्रवाल, गणेश मोदी, पवन मोदी, मोहन गुलाबानी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नगर तथा क्षेत्र के कांग्रेसजन और गणमान्य नागरिक तथा राजनीतिक दलों के प्रमुख उपस्थित थे।



स्व. महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करता उनका परिवार।

## नगर में मचेगा क्रिकेट का घमासान, देशभर से 48 टीमें लेंगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

नगर के भालेराय खेल मैदान में आगामी 12 अप्रैल से डी.बी. वेंचर्स गोल्ड कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ होगा। डी.बी. वेंचर्स गोल्ड कप चांपा 2026 के तहत फ्लड लाइट ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। यह बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट भालेराय मैदान चांपा में आयोजित होगा। प्रतियोगिता की शुरुआत 12 अप्रैल से होगी, जबकि टीमों के प्रवेश की अंतिम तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की गई है। आयोजन में प्रदेश सहित देश-विदेश की 48 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें श्रीलंका के खिलाड़ी भी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी स्थानीय स्टेशन रोड स्थित होटल रीत में पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्पर्धा के मुख्य प्रायोजक सहित अन्य सहयोगी प्रायोजकों तथा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने दी। मुख्य प्रायोजक धीरेन्द्र बाजपेई ने बताया कि उनका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को सही दिशा दे सकता है। यह युवाओं को अनुशासन, मेहनत तथा उनकी कुशलता के लिए प्रेरित करता है।

**खास बात**

- भालेराय मैदान में होगा आयोजन, डीबी वेंचर्स गोल्ड कप 12 से



पत्रकारों से चर्चा करते प्रायोजकगण।

इस बार स्पर्धा में फ्लड लाइट में प्रतिदिन 12-12 ओव्हर के कुल दो मैच सायं 6.30 बजे से खेले जाएंगे। इसके अलावा, स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों के सम्मान में एक विशेष शो मैच का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे आम लोगों को भी मैदान में खेलने का अवसर मिलेगा। मैच का प्रसारण आधुनिक माध्यमों के जरिए यूट्यूब पर भी किया जाएगा। दर्शकों के लिए मैदान में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए 24 प्रायोजकों ने सहयोग दिया है। टूर्नामेंट में विजेताओं के लिए शानदार इनामी राशि रखी गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के तहत 2 लाख 50 हजार एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपए एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार के तहत 50 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किए जाएंगे। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 11 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि सभी मुकाबले फ्लड लाइट में खेले जाएंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सोनल भवन साहू चाल में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वीर बजरंगी हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्री हरि महिला मानस मंडली अध्यक्ष ने कहा इस तरह के आयोजन से भक्ति भाव में वृद्धि होती है साथ ही साथ संगीत से मन में तनाव नहीं रहता वही वीर बजरंगी की कृपा भी सभी पर बरसती है। इस आशय के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन फलदाई होता है। समिति के सदस्यों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमत भजन कर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय वातावरण से ओतप्रोत कर दिया। समिति अध्यक्ष चमेली साहू ने सुंदरकांड पश्चात हारमोनियम पर भजन भी प्रस्तुत की जो सभी को भजन में झूमने के लिए मजबूर कर दी । ढोलकी पर संगत दीपश्री साहू ने किया। सुंदरकांड पाठ कर सुख समृद्धि की कामना के साथ पाठ किया गया। इस दौरान श्रीमती अन्नू राठौर,दीप श्री साहू,श्रीमती आशा दुबे,श्रीमती चंद्रकिरण सोनी, श्रीमति विभा उपाध्याय, श्रीमती ममता यादव, श्रीमती मालती यादव, श्रीमती डॉ .लता राठौर, श्रीमती निर्मला तिवारी, श्रीमति नम्रता तिवारी, श्रीमती माया तिवारी, श्रीमती ज्योति तिवारी,श्रीमती निष्ठा वैष्णव उपस्थित रही।

## भगवान का भजन करने से दूर होता है दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

शबरी एवं लक्ष्मेश्वर धाम खरौद में प्रत्येक पूर्णमासी को प्राचीन शबरी मंदिर में भजन कीर्तन होता है। राम के परम भक्त हनुमान जी केअवतरण दिवस चैत्र पूर्णिमा 2 अप्रैल को खरौद के शबरी मंदिर में माता शबरी एवं हनुमान जी के पूजा अर्चना के पश्चात महिला मंडलियों द्वारा हनुमान जी पर सुंदर भजन गाए गए। राम की स्तुति की गई एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस मौके पर धन साय यादव ने हनुमान जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। हेमलाल यादव ने कहा कि एक बार माता सीता जी ने हनुमान जी को दिव्य एवं रत्न जटित हार दिया। हनुमान जीने उस हार के प्रत्येक मनका को फोड़ -फोड़ कर देखने लगे एवं फेंकते गए। दरबारियों ने कहा हनुमान आप यह क्या कर रहे हैं, ऐसा करना माता सीता एवं माला दोनों का अपमान है। हनुमान जी ने कहा जिसमें राम नहीं वह कोई काम का नहीं। लोगों ने कहा क्या आप में राम है, इस पर हनुमान जी ने अपने छाती को फाड़ कर राम लक्ष्मण और सीता का दर्शन कराया। उन्होंने कहा आज पूरे भारत में हनुमान जी एवं शिव जी के सबसे अधिक मूर्तियों की पूजा की जाती है। पूर्णमासी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा राम जी ने हनुमान जी को भक्तों के कष्ट दूर करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है, जो भी हनुमान जी का राम जी का अथवा किसी देवी देवता का भजन करता है उनका दुख अवश्य ही दूर होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक मनुष्य को भगवान के नाम की इतनी आदत बन जानी चाहिए की किसी भी डर के समय



अनायास उनका ही नाम निकाले और ऐसा तभी हो सकता है जब नाम जप की निरंतर हो। कार्यक्रम को चंद्र प्रभा यादव एवं नीलम यादव पार्षद ने भी संबोधन किया। जानकी देवी यादव ने प्रसाद वितरण करवाया। कार्यक्रम में जानकी देवी यादव, कावेरी यादव, शांति बाई यादव ,त्रिवेणी यादव ,रामकली आदित्य, छठ बाई आदित्य, दुलौरिन बाई आदित्य, रमाबाई आदित्य, श्यामा आदित्य ,गौरी यादव, चमेली यादव, ललिता थवाईत, फागनी आदित्य, गंगाबाई साहू, भुवनेश्वरी यादव ,शांति बाई साहू, राजकुमारी नोनिया, फुलेश्वरी आदित्य, जमुना यादव, नर्मदा यादव ,प्रभा यादव ,अलग बाई आदित्य ,बुधवाराआदित्य, तीजमती यादव, चंद्रकला नोनिया उपस्थित रहे।

जॉंजगीर मार्केट

फर्नीचर एवं डोर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार
आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान
नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान
सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडोदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला




# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंडस्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

# अली अब्बास की एक्शन- रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी धूमधाम से जिले में स्थापना दिवस मनाएगी। इस दौरान पखवाड़े भर तक विविध आयोजन होंगे। भाजपा द्वारा सोमवार 6 अप्रैल को स्थापना दिवस को उत्साह और भव्यता के साथ मनाने व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिले के सभी मंडलों, बूथों और शक्ति केंद्रों पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। प्रातःकाल ध्वजारोहण सभी कार्यालयों और प्रमुख स्थानों पर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। वरिष्ठ नेताओं द्वारा संगठन की उपलब्धियों और विचारधारा पर प्रकाश डाला जाएगा। दीप प्रज्ज्वलन व राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से की जाएगी। 14 अप्रैल भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के दिन उनकी प्रतिमा एवं परिसर की साफ सफाई व स्वच्छता अभियान सहित दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने सभी कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आग्रह किया है।

### अकलतरा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 8 को

**अकलतरा।** भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 8 अप्रैल को पंचदेव मंदिर परिसर, मुकीम उद्यान अकलतरा में सर्व समाज हेतु विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक प्रकाश केडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी।

थाने में कई घंटे तक रही गहमा गहमी की स्थिति

# भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ चालान पर गरमाया माहौल, पुलिस से तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

थाना चांपा परिसर में उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब एक भाजपा कार्यकर्ता की मोटरसाइकिल का चालान किए जाने पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेता और कार्यकर्ता थाना पहुंच गए। चालान की कार्रवाई को लेकर न सिर्फ विरोध किया गया, बल्कि पुलिस पर दबाव बनाते हुए कथित रूप से चेतावनी भरे शब्द भी कहे गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक युवक की मोटरसाइकिल का चालान किया गया। चालान कटते ही संबंधित युवक के भाजपा कार्यकर्ता होने की बात सामने आई, जिसके बाद भाजपा नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर थाना पहुंच गए और कार्रवाई पर आपत्ति जताने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थाना परिसर में कुछ समय तक हालात बेहद तनावपूर्ण बने रहे। पुलिस अधिकारियों ने संयम बरतते हुए सभी को समझाइश दी और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि कानून सभी के लिए समान है और नियमों का उल्लंघन करने पर किसी को भी विशेष छूट नहीं दी जा सकती। घटना के बाद शहर में इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। नगरवासियों के बीच भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की इस तरह के व्यवहार से नाराजगी देखी जा रही है। फिलहाल, पुलिस अपने रुख पर कायम है और कानून के अनुसार कार्रवाई की बात कह रही है। इधर अब इस मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। कांग्रेस को बैठे बिठाए चर्चा का एक मुद्दा मिल गया है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर अपने-अपने तर्क रख रहे है।



थाना परिसर में लगी भाजपा नेताओं की भीड़।

### हुई थी गलतफहमी

भाजपा कार्यकर्ता कुछ गलतफहमी की वजह से थाना आए हुए थे। बाद में सब क्लीयर हो गया। कानून सबके लिए बराबर है। बिना नंबर प्लेट गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

**-सत्यम चौहान,**
थाना प्रभारी चांपा



# पार्टी को मजबूत करने बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

संगठन को मजबूती और विस्तार को लेकर विश्राम गृह सक्ती में प्रभारियो की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहरी मण्डल अध्यक्ष गण की बैठक संयुक्त रूप से हुई।

- संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत एवं बूथ स्तर का गठन के लिए हुई बैठक

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल ने कहा कि बूथ स्तर गांव में बैठक कर सभी वर्गों के कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। पंचायत स्तर पर गठन में पंचायत में सभी सक्रीय लोगों को जोड़कर कमेटी तैयार करनी है, जो बुथस्तर के कार्यकर्ताओं से मिलकर मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही बीएलए की नियुक्ति की जानी है। पूर्व में मतदाता सूची पुनरीक्षण संशोधन के समय जो बी एल ए सक्रीय रूप से कार्य करते आ रहे है उन्हें बी एल ए के रूप में नामित करना है, जो चुनाव के समय पोलिंग एजेंट के रूप में भूमिका निभाएंगे। प्रभारी महामंत्री विजय सूर्यवंशी ने कहा कि कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति जागरूक एवं ईमानदार हो। इस अवसर पर जिला महामंत्री गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, घनश्याम देवांगन, मण्डल अध्यक्ष डॉ लखन राठौर, सत्यप्रकाश महन्त, धनेश्वर जायसवाल, हेमंत डडसेना, अशोक यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रामप्यारी सिदार, नगर अध्यक्ष राकेश राठौर के अलावा वरिष्ठ कॉग्रेसी नारायण प्रसाद गवेल, जिवेंद्र राठौर, मंगलू कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राठौर ने किया।

# बरगवां के सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम बरगवां के सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही क्षेत्र भर के श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के पुजारी पवन शर्मा ने बताया कि बरगवां के सिद्ध हनुमान मंदिर की प्रसिद्धि देश विदेश में है।

हनुमान जयंती के अवसर पर यहां जिले ,राज्य सहित देशभर के श्रद्धालु एकत्रित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। भक्तों ने पवनपुत्र हनुमान का विशेष श्रृंगार कर फल, फूल और नैवेद्य अर्पित किए। दिनभर मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। हनुमान प्रतिमा के समक्ष 56 भोग सजाया गया। मन्नत पूरी होने औरसुख समृद्धि की कामना के साथ सवामणि का भोग भी अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। दोपहर से रात तक मानस मंडलियों ने संगीत के साथ रामचरितमानस की चौपाइयों



की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह,मंजू सिंह, शैलेंद्र सिंह,अशोक अग्रवाल,रवि सिंह बैस, रमेश तुलस्यान जुगल लिखमानिया, प्रशांत शर्मा, ऋषि सिंह, नीटू अग्रवाल, गगन सिंघानिया, लखन गुप्ता, दिनेश मित्तल, दीनदयाल अग्रवाल, नानकचंद अग्रवाल, नवल केडिया, तारा अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, विकास शर्मा सहित क्षेत्र वासियों ने पुजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### ठाकुरदेव चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**बिर्रा।** किकिरदा के ठाकुरदेव चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रविवार 5 अप्रैल से किया जाएगा। ब्यास आचार्य पं. दास महाराज होंगे। पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के ठाकुर देव चौक में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन रविवार 5 अप्रैल को कलश यात्रा एवं बेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथावाचक रघुनाथ दास महाराज चित्रकूट उत्तर प्रदेश होंगे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन 12 अप्रैल रविवार को हवन पूजन एवं शहस्त्रधारा और भंडारा के साथ होगा। आयोजन की तैयारियां मोहल्लेवासियों द्वारा पूरी कर ली गई है। भागवत कथा श्रवण करने सभी से उपस्थित होने अपील की गई।







